

### एक नजर में

## एक माह तक जिलेभर में पहुंचेगा कृषि रथ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उप संचालक कृषि जिला मनोज कश्यप द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में ज़िले के सभी विकासखंडों में कृषि रथ एक माह के लिए चलाये जा रहा हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के द्वारा कृषि के एलाइड विभागों को भी निर्देशित किया गया हैं कि कृषि रथ के माध्यम से विभागों में संचालित योजनाओं का कृषकों के मध्य प्रचार प्रसार करें। इसी तारतम्य में कृषि रथ ग्राम पंचायत गणेशगंज के ग्राम मानिकपुरा में भ्रमण कर कृषकों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती करने हेतु प्रोत्साहित, नरवाई ना जलाने, मृदा परीक्षण कराने का महत्व समझाया गया।**

इसके अलावा शासन द्वारा किसानों हेतु खाद वितरण के लिए तैयार की गई ई-टोकन व्यवस्था ई-विकास पोर्टल की जानकारी दी गई, साथ ही कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य और पशुपालन विभाग में संचालित कृषक हितेषी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कृषि रथ के साथ नोडल अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, आत्मा योजना के बीटीएम, एटीएम के साथ साथ कृषि एवं संबंधित विभागों का मैदानी अमला उपस्थित रहा।


# आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता का प्रदर्शन

**संगठन के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन**

**जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने की मांग**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुधवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए जिले में स्थित शासकीय संस्थाओं एवं जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया गया कि 15 अगस्त से पहले जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने की मांग की गई थी। लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं होने कारण कार्यकताओं को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा और जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सामूहिक रूप से सौपा गया है।**

ज्ञापन में आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी ने प्रशासन को अवगत कराते हुए कहा की वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने एक हरिजन शब्द को बेन किया था कोर्ट का आदेश था कि चाहे


ASP आजाद समाज पार्टी (कांशी राम)
आजाद समाज पार्टी (कां)
मा. सत्येन्द्र विद्रोही जी
प्रदेश अध्यक्ष (मध्य प्रदेश)
सम्पर्क सूत्र- 83495 50333
संजू चौधरी
जिलाध्यक्ष टीकमगढ़ (म.प्र)
दिनांक:
श्रीमान कलेक्टर महोदय जी,
जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)
संजू चौधरी
जिला अध्यक्ष : टीकमगढ़
आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)

पत्राचार की भाषा हो या आम बोलचाल की भाषा में जातिचूचक का प्रयोग करना बेन है यहां तक कि शासकीय संस्थाओं के ऊपर लिखे हुए जाति सूचक शब्द के साथ गांव मोहल्ला शहर नगर का नाम जातिसूचक नहीं होना चाहिए।

जिसको लेकर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टीकमगढ़ जिले के अंदर शासकीय संस्थाओं के ऊपर लिखे जाति सूचक शब्दों को परिवर्तित करने के साथ गांव मोहल्ला को जाती सूचक शब्द का प्रयोग कर बुलाने बालों पर कारवाही करने की मांग की है।



बुधवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए जिले में स्थित शासकीय संस्थाओं एवं जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में बताया गया कि 15 अगस्त से पहले जातिसूचक गांवों के नाम परिवर्तित किए जाने की मांग की गई थी। लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं होने कारण कार्यकताओं को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा और जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सामूहिक रूप से सौपा गया है। जिसको लेकर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टीकमगढ़ जिले के अंदर शासकीय संस्थाओं के ऊपर लिखे जाति सूचक शब्दों को परिवर्तित करने के साथ गांव मोहल्ला को जाती सूचक शब्द का प्रयोग कर बुलाने बालों पर कारवाही करने की मांग की है।

### उचित कार्रवाई का मिला भरोसा

बुधवार को आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन देने पहुंचे तो इस दौरान टीकमगढ़ एसडीओपी राहुल कटरे ने सभी पीड़ितों को सुना और उचित कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया। ज्ञापन में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव हृदेश कुशवाहा, जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, एवं भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार उपस्थित रहे।

### मेला में हुई मारपीट की घटना पर जताया विरोध

ज्ञापन में बताया गया कि बीते 22 जनवरी को बड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरेंद कुशवाहा से खरों के मेले में मारपीट की गई थी जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था,इसके बाद पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया,तो वही मोहनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव शुक्लान टोरिया गांव में राजू अहिरवार के परिवार के साथ गांव के दबंगों द्वारा मारपीट की गई थी जिसकी रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई। ज्ञापन में प्रदर्शन करने आए लोगों ने इस मामले में पुलिस से पीड़ित को न्याय दिलाए जाने की प्रशासन से मांग की है।

## मंदिर से चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अंतौरा के प्राचीन वैष्णो देवी मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर से चांदी के आभूषण और दानपेटी से नकदी चुरा ली। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।**

ग्रामीणों के अनुसार, चोरों ने मंदिर के प्रवेश द्वार पर मौजूद एक छोटी सी जगह का फायदा उठाया। उन्होंने लोहे की छड़ का इस्तेमाल कर माता के चांदी के आभूषणों को उतार लिया। मंदिर का ताला नहीं तोड़ा गया। पुजारी रोहित मिश्रा ने बताया कि लगभग 250 ग्राम चांदी की करधनी, करीब 250 ग्राम चांदी का यंत्र और दानपेटी से नकदी सहित कुल लगभग एक किलोग्राम चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। पुजारी ने तत्काल ग्रामीणों को और फिर बड़ागांव थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के मुताबिक, यह चोरी मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को हुई। यह बड़ागांव क्षेत्र में तीन महीने के भीतर चोरी की दूसरी बड़ी घटना है।ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी जयंत गोयल ने बताया कि मंदिर में हुई चोरी का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा और इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अंतौरा के प्राचीन वैष्णो देवी मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर से चांदी के आभूषण और दानपेटी से नकदी चुरा ली।

## अनंत उड़ान भविष्य की थीम पर वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पीएम श्री योजनांतर्गत सत्र 2025-26 में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वार दिये गये निर्देशों के परिपालन में को पीएम श्री शाउमा विद्यालय अनंतपुरा टीकमगढ़ में हर्षोल्लास के साथ अनंत उड़ान भविष्य की थीम पर वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एचएस चौहान, निज सहायक शिक्षा विभाग जीआर प्रजापति सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें देशभक्ति नृत्य, लोक नृत्य, शास्त्रीय समूह गायन, योग प्रदर्शन, बांसुरी वादन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया।

## तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विवेक श्रोत्रिय ने अनुशंसा पर एक आदतन अपराधियों को 6 माह की अवधि के लिये तथा 2 आदतन अपराधियों को 2 माह की अवधि के लिए जिला बदर घोषित किया है।**

तदनुसार सतवीर यादव पिता रविबाबू यादव निवासी ग्राम जेवर थाना चंदेरा जिला टीकमगढ़ को 6 माह की अवधि के लिये तथा रक्षपाल सिंह पिता भान सिंह ठाकुर उम्र 45 साल निवासी ग्राम चरपुआं चौकी खिरिया थाना कोतवाली एवं स्वामी उर्फ कुक्कू साहू पिता हल्काई साहू उम्र 47 साल निवासी ग्राम पहाड़ीबुजुर्ग थाना बम्हौरीकलां जिला टीकमगढ़ को 2 माह की अवधि के लिये जिला टीकमगढ़ एवं समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने तथा इस अवधि में इन जिलों की राजस्व सीमाओं में लौटकर प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विवेक श्रोत्रिय ने अनुशंसा पर एक आदतन अपराधियों को 6 माह की अवधि के लिये तथा 2 आदतन अपराधियों को 2 माह की अवधि के लिए जिला बदर घोषित किया है।

## योजनाओं का लाभ दिलाने चल रहा अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए जिले में 31 मार्च, तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।**

इसीक्रम में जिले की ग्राम पंचायत गणेशगंज के ग्राम मानिकपुरा में संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत जन सुनवाई के दौरान ग्रामवासियों से प्राप्त आवेदन




पत्र पंचायत सचिव के माध्यम से पोर्टल पर फीड करने कराये गये। सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में अभियान अंतर्गत आमजन की समस्याओं का निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए 12 जनवरी, से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया है।

## अवैध हथियार सहित कारतूस बरामद

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पुलिस जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई किए जाने तथा क्षेत्र में सूचना तंत्र एवं मुखबिर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।**

थाना कुड़ीला पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दूबदेई माता मंदिर मार्ग, तिगैला की पुलिया, ग्राम दूबदेई से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी नारायण सिंह उर्फ नरेन्द्र, पिता लखनलाल लोधी, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी ग्राम दोह, थाना कुड़ीला के कब्जे से एक 12 बोर की देशी अद्दी कट्टा एवं 12 बोर के दो जिंदा कारतूस जप्त किए गए।

## नगर में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। माता स्व रामकुंवर खटीक की स्मृति में हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जतारा नगर में डिग्री कॉलेज के मैदान पर माता रामकुंवर खटीक की स्मृति में अन्तरराजियीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है, आयोजन का भव्य शुभारम्भ किया गया,कार्यक्रम में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।**

कार्यक्रम का शुभारंभ स्व रामकुंवर खटीक के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन में खिलाड़ियों कोई कमी नही रखी जायेगी खेल के आयोजन लगातार होते रहे जिससे क्षेत्रीय खिलाड़ी भी आगे बढ़े। टूर्नामेंट के पहले दिन का मैच दतिया और ललितपुर के बीच खेला गया जिसमें ललितपुर ने ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने



का निर्णय लिया दतिया ने निर्धारित 15 ओवर में 128 रन बनाए ललितपुर ने लक्ष्य का पीछा कर 2 विकेट से मैच जीत लिया, ललितपुर की ओर से समीर को मेन ऑफ द मैच दिया गया।

उन्होंने 5 महत्वपूर्ण विकेट लिए,दतिया की ओर से शुभम मोगली ने सबसे अधिक रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी ललितपुर की टीम की शुरुआत ठीक नही रही जल्दी जल्दी विकेट गिर गए कप्तान छोटू पाली और अंशुल यादव ने शानदर बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया ललितपुर ने 2 विकेट से मैच जीत लिया,टूर्नामेंट में ललितपुर के ऑनर सुरेंद्र यादव, और दतिया के ऑनर मनोज गुप्ता रहे,आयोजन में हनीफ जागीदार आंसू राही,दया यादव, अंपायर रिजवान रंगरेज,अक्कू वाल्मीकि मौजूद रहे।

## खरमास समाप्त होते ही मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत

**फरवरी माह में 17 दिनों तक जारी रहेंगी शादियां**

**दूसरा खरमास 14 मार्च से 14 अप्रैल तक रहेगा**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शादी-विवाह के इच्छुक परिवारों के लिए अच्छी खबर है, दरअसल खरमास की समाप्ति और शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध अब समाप्त हो चुका है। बुधवार 4 फरवरी से एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है। 4 फरवरी को जिलेभर में सबसे ज्यादा मुहुर्त होने से बड़ी संख्या में विवाह होने की खबरे निकलकर सामने आई है। तो वहीं इस साल का दूसरा खरमास 14 मार्च से 14 अप्रैल तक रहेगा।**

जानकारों के अनुसार फरवरी में सबसे ज्यादा 17 मुहूर्त रहेगे जबकि 14 मार्च से फिर एक माह तक लगेगा खरमास प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास शुरू हो जाएगा। इस दौरान एक बार फिर सभी शुभकार्य पर विराम लग जाएगा। पुजारियों ने बताया कि विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना अनिवार्य माना जाता है, इसलिए अब तक शादियों के मुहूर्त थे। लेकिन शुक्र और गुरु दोनों का उदय होने के साथ ही 4 फरवरी से शादियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। फरवरी माह में



विवाह के कई श्रेष्ठ मुहूर्त बन रहे हैं। फरवरी माह विवाह समारोह की सर्वाधिक तिथियां 17 दिन रहेगी। शुभ विवाह की तिथियां फरवरी 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 19, 20, 21, 24, 25. 26 मार्च 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 13. 14 अप्रैल 15, 20, 21, 25, 26, 27.28.29 मई 1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13.10 जून 19, 20, 21, 22, 23, 24.25. 26. 27. 28. 29 जुलाई 1.2.6. 7. 8. 11. 121 नवंबर 20, 21, 24, 25, 26, 30,दिसंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11, 12 तक होगी। शादी-विवाह के इच्छुक परिवारों के लिए अच्छी खबर है, दरअसल खरमास की समाप्ति और शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध अब समाप्त हो चुका है। 4 फरवरी को जिलेभर में सबसे ज्यादा मुहुर्त होने से बड़ी संख्या में विवाह होने की खबरे निकलकर सामने आई है।

### शादियों को लेकर लोग उत्साहित

वहीं इस साल का दूसरा खरमास 14 मार्च से 14 अप्रैल तक रहेगा। बुधवार से शुरू हुए विवाह कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस सीजन में जिन परिवारों में शादियां होनी है। वहां लोग अब तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

**निरीक्षण** — वर्षों से शासकीय संपत्ति के उपयोग नहीं होने पर जताई चिंता

# कलेक्टर ने बल्देवगढ़ में किया मछली बाजार का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बल्देवगढ़ नगर के खरगापुर रोड स्थित निर्माणाधीन मछली बाजार का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने बाजार की भौतिक स्थिति, दुकानों की संरचना, स्वच्छता व्यवस्था और आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 10-11 वर्ष से बनी शासकीय संपत्ति का उपयोग नहीं होना गंभीर विषय है और इसे शीघ्र चालू कराना मत्स्य विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि पूरे नगर में थोक मछली विक्रय के लिए केवल एक अधिकृत स्थान तय किया जाए,



ताकि बेतरतीब बाजारों पर रोक लगे और व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने मछली बाजार की दुकानों का आवंटन नगर पालिका द्वारा पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया से करने को कहा। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि बाजार प्रारंभ होने से पहले जल निकासी, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल और यातायात व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त की जाये। उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। श्री श्रोत्रिय ने कहा कि तीन दिन बाद मछली समितियों नगर परिषद के जन प्रतिनिधियों के साथ पुन: बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी और शेष व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि जिले के बल्देवगढ़ क्षेत्र की मछली प्रदेश के साथ ही देश में अपनी गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। व्यवस्थित बाजार शुरू होने से स्थानीय मछुआरों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं- सभी को लाभ मिलेगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बल्देवगढ़ नगर के खरगापुर रोड स्थित निर्माणाधीन मछली बाजार का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने बाजार की भौतिक स्थिति, दुकानों की संरचना, स्वच्छता व्यवस्था और आसपास के क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 10-11 वर्ष से बनी शासकीय संपत्ति का उपयोग नहीं होना गंभीर विषय है और इसे शीघ्र चालू कराना मत्स्य विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

### निरीक्षण में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, तहसीलदार डॉ. अनिल गुप्ता, नगर परिषद बल्देवगढ़ अध्यक्ष श्रीमती शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, सीएमओ श्रीमती सुनीता खरे, सीईओ जनपद पंचायत बल्देवगढ़ निशांत भूरिया सहित पार्षद और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बारिश को लेकर गाइडलाईन जारी

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गरज बिजली के साथ वर्षा होने तथा उसके बाद हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने तथा रात का न्यूनतम तापमान 08 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हवा की औसत गति 03 से 08 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना हैं।**

आगामी 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ वर्षा होने तथा उसके बाद हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना को घ्यान में रखते हुए, फूलगोभी, पत्तागोभी और बैंगन आदि में पत्ती काटने वाले कीट का प्रकोप देखा जा रहा है, इसलिए किसान भाइयों को फसल का निरीक्षण करने की सलाह दी जाती है। गरज बिजली के साथ वर्षा होने तथा उसके बाद हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है।

## अधिकारी पहुंचे ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों मे आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया।**

संबंधित अधिकारियों द्वारा शासकीय विद्यालयों में शालाओं में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों द्वारा एमडीएम, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण, समग्र-ईकेवाईसी की प्रगति, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, ग्राम पंचायतों में सचिव,जीआरएस तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, पटवारी की उपस्थिति, शालाओं में बालिकाओं हेतु टॉयलेट, गाँव में टीकाकरण एवं आशा की उपस्थिति, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पीडीएस का निरीक्षण कर जानकारी ली गई तथा रिपोर्ट तैयार प्रस्तुत की गई। प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत आज नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया। नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की उपस्थिति, पटवारी की उपस्थिति, शालाओं में बालिकाओं हेतु टॉयलेट, गाँव में आशा की उपस्थिति, 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पीडीएस का निरीक्षण किया ।